कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2018–19/ दिनांक : 03/7/18

1. समस्त मण्डल उप निदेशक
   माध्यमिक शिक्षा
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय

विषय :– नामांकन वृद्धि अभियान : प्रवेशोत्सव–2018 को दिनांक : 15.07.2018 तक बढाने के क्रम में।

प्रसंग :– समसंख्यक पत्र दिनांक : 17.04.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक निर्देश पत्र द्वारा राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन वृद्धि अभियान के रूप में "प्रवेशोत्सव–2018" को दो चरणो में दिनांक 26.04.2018 से दिनांक : 03.07.2018 तक आयोजित किए जाने बाबत् निर्देश प्रदान किए गए थे। उक्त अभियान के अन्तर्गत विद्यालय एवं जिलेवार प्रदत्त नामांकन लक्ष्य प्राप्ति के लिए राजकीय विद्यालयों के विगत वर्षों की तुलना में गुणात्मक एवं संख्यात्मक रूप से बढ़े हुए परीक्षा परिणाम, सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही विभिन्न प्रकार की सुविधाओं एवं लाभकारी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी एस.एम.सी. व एस.डी.एम.सी. के सहयोग से समस्त अभिभावकों व आमजनों को देते हुए स्थानीय जन समुदाय को विद्यार्थियों के राजकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए नामांकन लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है।

वर्ष : 2018–19 व 2019–20 हेतु विद्यालय तथा जिलेवार नामांकन लक्ष्य निर्धारित किए जाकर समसंख्यक पत्र दिनांक : 17.04.2018 द्वारा समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को जरिये मेल अवगत करवाया जा चुका है, जिसे विभागीय वेब–साईट पर भी उपलब्ध करवाया गया है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में प्रवेशोसत्व–2018 के द्वितीय चरण की तिथि दिनांक : 15.07.2018 तक बढ़ाई जाकर निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय एवं जिले को वर्ष : 2018–19 के लिये आवंटित नामांकन लक्ष्य को ध्यान में रख कर सघन नामांकन वृद्धि अभियान संचालित किया जाना सुनिश्चित करें तथा नामांकन का इन्द्राज नियमित रूप से शाला दर्पण/दर्शन पर आवश्यक रूप से किए जाने हेतु समस्त संस्थाप्रधानों को पाबन्द करें, जिससे वास्तविक नामांकन की अद्यतन स्थिति निरन्तर प्राप्त हो सके।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. आयुक्त, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान मांध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
8. उप निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय हाजा।
9. उप निदेशक (समाज शिक्षा), कार्यालय हाजा।
10. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान ।
12. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय को जरिए शाला दर्पण।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)